Roll No. ......................

# HD–03

## नाटक एवं अन्य गद्य विधाएँ

## Bachelor of Arts (B. A.-10) Hindi

## Second Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 60**

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : प्रत्येक 5

 (क) भोलाराम ने दरख्वास्तें तो भेजी थीं पर उन पर वजन नहीं रखा था, इसलिये कहीं उड़ गई होंगी—साहब बोले, "भई सरकारी पैसे का मामला है, पेंशन का केस बीसों दफ्तरों में जाता है, देर लग ही जाती है। हजारों बार एक ही बात को हजार जगह लिखना पड़ता है, तब पक्की होती है। जितनी पेंशन मिलती है उतनी ही स्टेशनरी लग जाती है, हाँ जल्दी भी हो सकती है, मगर-मगर वजन चाहिये।"

(ख) यह तीखी छुरी इस अतृप्त हृदय में विकासोन्मुख कुसुम में विषैले कीट के डंक की तरह चुभा या नहीं, इस पर विचार करुँगी, यदि नहीं तो मेरी दुर्दशा का पुरस्कार क्या कुछ और है ? हाँ, जीवन के लिये कृतज्ञ, उपकृत और आभारी होकर किसी के अभिमानपूर्ण आत्मविज्ञान का भार ढोती रहूँ—यही क्या विधाता का निष्ठुर विधान है। छुटकारा नहीं ? जीवन नियति के कठोर आदेश पर चलेगा ही ? तो क्या मेरा जीवन भी अपना नहीं है।

(ग) भारतीय चित्त जो आज भी अधीनता के रूप में न सोचकर स्वाधीनता के रूप में सोचता है, वह हमारे दीर्घकालीन संस्कारों का फल है, वह स्वयं के बंधन को आसानी से नहीं छोड़ सकता। अपने आप पर अपने आप के द्वारा लगाया गया बंधन हमारी संस्कृति की भारी विशेषता है।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : प्रत्येक 10

(क) हिन्दी नाटक के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिये।

(ख) ध्रुवस्वामिनी और कोमा के चरित्र की तुलनात्मक विवेचना कीजिए।

(ग) 'भोलाराम का जीव' नामक कहानी में निहित व्यंग्य की तात्विक विवेचना कीजिए।

(घ) आत्मकथा से आप क्या समझते हैं ? 'मेरा बचपन', 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' आत्मकथा का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. अमृतराय की लेखन शैली पर प्रकाश डालिये।
2. मोहन राकेश के यात्रावृत्त 'आखिरी चट्टान तक' का अपने शब्दों में सार लिखिए।
3. 'घीसा' के आधार पर महादेवी वर्मा की रचना शैली पर संक्षिप्त प्रकाश डालिये।
4. रिपोर्ताज किसे कहते हैं ?
5. व्यंग का तात्विक विवेचन कीजिए।
6. नाटक एवं एकांकी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
7. 'महाभारत की एक साँझ' की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिये।
8. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' की संक्षिप्त आलोचना कीजिए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. 'उत्साह' निबन्ध लेखक का नाम क्या है ?
2. ध्रुवस्वामिनी नाटक सुखान्त है या दुखान्त ?
3. कलम का सिपाही किसे कहा जाता है ?

4. अधिकांश जीवन भ्रमण में व्यतीत करने वाले लेखक का नाम क्या है ?
5. रेखाचित्र को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ?
6. हिन्दी का प्रथम नाटक किसे माना जाता है ?
7. मोहन राकेश के यात्रावृत्त का नाम लिखिए।
8. 'अदम्य जीवन' किस विधा में लिखा गया है ?
9. महादेवी वर्मा का जन्म कब हुआ ?
10. नाटक साहित्य के किस रूप से सम्बन्धित है ?